अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

# दृष्टि IAS / PCS ACADEMY

at a glance...

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

22 Jan., 2024

USEFUL FOR

## IAS | PCS

& other civil services exams



**Sunil Lawania**

(Managing Director)


FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **22 जनवरी (आज) को अयोध्या में श्रीराम के बाल स्वरूप रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है**



- आजअयोध्या में श्रीराम के बाल स्वरूप रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है।
- श्रीराम भगवान विष्णु के सातवें अवतार हैं। ऋग्वेद की शाकल संहिता के दसवें मंडल में भी श्रीराम का जिक्र है।
- श्रीमद्भागवत महापुराण में श्रीराम को भगवान विष्णु का अंश कहा गया है। वाल्मीकि रामायण में नारद जी ने श्रीराम को सबसे ताकतवर और धैर्यवान बताया है।
- शास्त्रों में राम जी के अलग-अलग नाम बताए गए हैं। नारद जी ने वाल्मीकि ऋषि को श्रीराम के 45 गुण बताए थे।




2. **चांद पर उतरा जापान का मून मिशन स्लाइपर**



- जापान के मून मिशन स्लाइपर ने शुक्रवार देर रात (भारतीय समय अनुसार) चांद पर सफल लैंडिंग कर ली।
- जापानी स्पेस एजेंसी JAXA के प्रेसिडेंट हिरोशी यामाकावा ने मिशन की सफल लैंडिंग की पुष्टि की।
- रूस, चीन, अमेरिका और भारत के बाद जापान चांद पर मून मिशन की सफल लैंडिंग कराने वाला दुनिया का पांचवा देश बन गया है।
- चांद के रहस्य उजागर करेगा स्लाइपर CNN के मुताबिक जापान के मून मिशन स्लाइपर का टारगेट चांद के शिओली क्रेटर (गड्ढे) की जांच करना है। ।

3. **पेप्सिको इंडिया ने जागृत कोटेचा को नया सीईओ नियुक्त किया है**



- फूड एंड बेवरेज इंडस्ट्रीज की दिग्गज कंपनियों में शामिल पेप्सिको इंडिया ने जागृत कोटेचा (Jagrut Kotecha) को अपना नया CEO बनाया है।
- कंपनी की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, अफ्रीका, पश्चिम एशिया एवं दक्षिण एशिया (AMESA) में पेप्सिको के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर कोटेचा पेप्सिको इंडिया के CEO की भूमिका निभाएंगे।
- जागृत कोटेचा, अहमद अल शेख की जगह लेंगे।

4. **पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने 47वें अंतर्राष्ट्रीय कोलकाता पुस्तक मेले का उद्घाटन किया**



- पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अंतर्राष्ट्रीय कोलकाता पुस्तक मेले के 47वें संस्करण का उद्घाटन किया है।
- यूनाइटेड किंगडम इस साल के मेले का थीम देश है, जिसमें लगभग 1,000 स्टॉल हैं और यह 18 जनवरी से 31 जनवरी तक यहां साल्ट लेक के सेंट्रल पार्क में चलने वाला है।
- इस साल के पुस्तक मेले में लगभग 20 देश भाग ले रहे थे, जो कोलकाता के लिए एक बड़ा त्योहार बन गया है।

- इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय कोलकाता पुस्तक मेले में यूके को चौथी बार थीम देश के रूप में चिह्नित किया गया है। यू.के. मंडप को आगंतुकों को ब्रिटिश संस्कृति के सार में डुबोने, शिक्षा, अंग्रेजी भाषा और कला में इसके आधुनिक योगदान पर प्रकाश डालने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

**5. राष्ट्रीय बाल पुरस्कार भारत के राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे**




- यह एक राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार है, जिसे बहादुरी, कला और संस्कृति, पर्यावरण, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सामाजिक सेवा और खेल जैसी सात श्रेणियों में उनकी उत्कृष्टता के लिए दिया जाता है।
- PMRBP के प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक पदक, प्रमाण पत्र और एक प्रशस्ति पुस्तिका दी जाती है।
- 22 जनवरी, 2024 को विज्ञान भवन में आयोजित एक औपचारिक कार्यक्रम में भारत के राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।
- 23 जनवरी, 2024 को भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेताओं से मुलाकात करेंगे।
- बच्चे 26 जनवरी, 2024 को गणतंत्र दिवस परेड में भी भाग लेंगे।
- सूची में 9 लड़के और 10 लड़कियां शामिल हैं, जो 18 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से हैं।

**6. हिमाचल सरकार ने शुरू किया 'माई स्कूल-माई प्राइड' अभियान**




- राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP)-2020 के अनुरूप कदम उठाते हुए, हिमाचल प्रदेश की सरकार ने 'माई स्कूल-माई प्राइड' अभियान का शुरू किया है।
- इसका उद्देश्य सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में क्रांति लाना है।
- इस अभियान के तहत व्यक्तियों और संगठनों को करियर परामर्श और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए अपनी पसंद का स्कूल अपनाने, शिक्षण के लिए अतिरिक्त या विशेष कक्षाएं आयोजित करने और योग प्रशिक्षण के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा।
- इस पहल में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, इवेंट स्पॉन्सरशिप, स्कॉलरशिप और मिड डे मील (MDM) प्रोग्राम के लिए मौद्रिक योगदान भी शामिल है।

**7. पीएम मोदी ने बोइंग के इंडिया इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सेंटर का उद्घाटन किया**




- प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने बेंगलुरु शहर के पास बोइंग के नए वैश्विक इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी केंद्र परिसर का उद्घाटन किया है।
- 1,600 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित, 43 एकड़ का बोइंग इंडिया इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सेंटर (बीआईईटीसी) परिसर विमान निर्माता का अमेरिका के बाहर इस तरह का सबसे बड़ा निवेश है।
- शहर के बाहरी इलाके देवनहल्ली में हाईटेक डिफेंस और एयरोस्पेस पार्क का परिसर भारत में जीवंत स्टार्टअप, निजी और सरकारी पारिस्थितिकी तंत्र के साथ साझेदारी के लिए आधारशिला बन जाएगा, और वैश्विक एयरोस्पेस और रक्षा उद्योग के लिए अगली पीढ़ी के उत्पादों और सेवाओं को विकसित करने में मदद करेगा।

**8. पर्यटन मंत्रालय 23-31 जनवरी तक "भारत पर्व" का आयोजन करेगा**



- गणतंत्र दिवस समारोह का हिस्सा, नौ दिवसीय उत्सव, 23 जनवरी से 31 जनवरी तक दिल्ली में ऐतिहासिक लाल किले के सामने लॉन और ज्ञान पथ पर आयोजित होने वाला है।
- 2016 में अपनी स्थापना के बाद से, भारत पर्व एक भव्य उत्सव के रूप में विकसित हुआ है, जो भारत की सांस्कृतिक विरासत, नागरिक-केंद्रित पहल और जीवंत परंपराओं की समृद्ध टेपेस्ट्री को एक साथ लाता है।
- यह कार्यक्रम गणतंत्र दिवस परेड की झांकियों, जीवंत सांस्कृतिक प्रदर्शनों, आकर्षक प्रस्तुतियों और देश के हर कोने से स्वादिष्ट व्यंजनों के एक मनोरम मिश्रण का वादा करता है।

**9. दलजीत सिंह चौधरी को एसएसबी का महानिदेशक नियुक्त किया गया**

- 

- वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी दलजीत सिंह चौधरी को सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है।
- उत्तर प्रदेश कैडर के 1990 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी चौधरी, वर्तमान में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के विशेष महानिदेशक के रूप में कार्यरत हैं।
- कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने 30 नवंबर, 2025 तक की अवधि के लिए एसएसबी के महानिदेशक के रूप में उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।
- एसएसबी नेपाल और भूटान के साथ भारत की सीमाओं की रक्षा करता है।

**10. दक्षिण अफ्रीका आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप 2024 की मेजबानी करेगा**

- 

- दक्षिण अफ्रीका आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप 2024 की मेजबानी कर रहा है। विश्व कप 19 जनवरी को शुरू हुआ और 11 फरवरी को समाप्त होगा।
- 50 ओवर के इस टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग लेंगी, जिसमें कुल 41 मैच खेले जाने हैं।
- टूर्नामेंट का प्रारंभिक चरण टीमों को चार समूहों में व्यवस्थित करता है, जिनमें से प्रत्येक में चार टीमें होती हैं।
- इसके बाद सुपर सिक्स चरण होगा, जिसमें छह-छह टीमों के दो समूह शामिल होंगे।
- यह चरण यह निर्धारित करने में महत्वपूर्ण होगा कि कौन सी टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी और अंततः फाइनल में प्रतिस्पर्धा करेंगी।
- भारत में ICC U19 विश्व कप 2024 का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क टीवी चैनलों पर किया जाएगा। लाइव स्ट्रीमिंग डिज़्नी+हॉटस्टार ऐप और वेबसाइट पर मुफ्त में उपलब्ध होगी।
- **अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के बारे में**
- अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद क्रिकेट की वैश्विक शासी निकाय है।
- इसकी स्थापना 1909 में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के प्रतिनिधियों द्वारा इंपीरियल क्रिकेट कॉन्फ्रेंस के रूप में की गई थी।
- 1965 में इसका नाम बदलकर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट सम्मेलन कर दिया गया और 1987 में इसे इसका वर्तमान नाम मिला।
- गठन - 15 जून 1909
- मुख्यालय – दुबई, संयुक्त अरब अमीरात
- अध्यक्ष – ग्रेग बार्कले (न्यूजीलैंड)
- उपाध्यक्ष – इमरान ख्वाजा (सिंगापुर)
- सीईओ- ज्योफ एलार्डिस (ऑस्ट्रेलिया)
- महाप्रबंधक – वसीम खान
- सदस्यता - 108 सदस्य
- .

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

**1. अयोध्या में भगवान राम की ऐतिहासिक बाल प्रतिमा का अनावरण किसके द्वारा किया जायेगा?**
(a) द्रौपदी मुर्मु
(b) नरेंद्र मोदी
(c) योगी आदित्यनाथ
(d) इनमे से कोई नही

**2. चांद पर मून मिशन उतरने वाला जापान कोनसा देश बन गया है?**
(a) जापान
(b) चीन
(c) अमेरिका
(d) इनमे से कोई नही

**3. पेप्सिको इंडिया के सीईओ के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?**
(a) गणेशन कन्नाबीरन
(b) नीरज अखौरी
(c) प्रमोद शर्मा
(d) जागृत कोटेचा

**4. अंतर्राष्ट्रीय कोलकाता पुस्तक मेला 2024 के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**
(i) पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अंतर्राष्ट्रीय कोलकाता पुस्तक मेले के 49वें संस्करण का उद्घाटन किया।
(ii) फ्रांस इस वर्ष के मेले का थीम देश है।
सही कथन खोजें?
(a) केवल i
(b) केवल ii
(c) दोनों सही हैं
(d) दोनों गलत हैं

**5. किसके द्वारा राष्ट्रीय बाल पुरुस्कार 2024 की घोषणा की गई है**
(a) नरेंद्र मोदी
(b) अमित शाह
(c) योगी आदित्यनाथ
(d) द्रौपदी मुर्मु

**6. किस राज्य सरकार ने 'माई स्कूल-माई प्राइड' अभियान का शुरू किया है?**
(a) उत्तर प्रदेश
(b) तेलंगाना
(c) हिमाचल प्रदेश
(d) तमिलनाडु

**7. किस शहर में, पीएम नरेंद्र मोदी ने बोइंग के नए वैश्विक इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी केंद्र परिसर का उद्घाटन किया है?**
(a) बेंगलुरु
(b) हैदराबाद
(c) चेन्नई
(d) ग्रेटर नोएडा

**8. निम्नलिखित में से कौन सा मंत्रालय दिल्ली में ऐतिहासिक लाल किले के सामने लॉन और ज्ञान पथ पर 23-31 जनवरी तक "भारत पर्व" का आयोजन करेगा?**
(a) संस्कृति मंत्रालय
(b) पर्यावरण और वन मंत्रालय
(c) पर्यटन मंत्रालय
(d) शिक्षा मंत्रालय

**9. दलजीत सिंह चौधरी को निम्नलिखित में से कौन सी सेना के महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है?**
(a) सीआईएसएफ
(b) बीएसएफ
(c) आईटीबीपी
(d) एसएसबी

**10. निम्नलिखित में से कौन सा देश ICC U-19 क्रिकेट विश्व कप 2024 की मेजबानी कर रहा है?**
(a) पाकिस्तान
(b) बांग्लादेश
(c) ऑस्ट्रेलिया
(d) दक्षिण अफ्रीका

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | (a) | (d) | (d) | (d) | (c) | (a) | (c) | (d) | (d) |